## एक नजर

### परिषदीय स्कूलों का बदला समय

**शाहजहांपुर ।** शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देश पर बीएसए रणवीर सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय, मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों का संचालन सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक कर दिया है। यह व्यवस्था 28 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी, इसके बाद 29 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक स्कूल संचालन का समय सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक किया जाएगा, जोकि अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगा। अभी तक स्कूल संचालन का समय सुबह आठ से दो बजे तक था, जिसमें परिवर्तन किया गया है।

### शुकदेवानंद में पुरातन छात्र सम्मेलन आज

**शाहजहांपुर ।** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में 27 अप्रैल को पुरातन छात्र सम्मेलन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह होगा। पुरातन छात्र परिषद के सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता फिरोज हसन खां ने बताया कि सम्मेलन पूर्वांह 11 बजे शुरू होगा।

# सवा करोड़ रुपये की लागत से बना सोलर प्लांट कबाड़ में तब्दील

## सोलर प्लांट की बैटरी हो चुकी चोरी, चूहे कुतर गए तार, रोजा नगर पंचायत ने श्मशान घाट पर लगाया था प्लांट

**नगर निगम की अनदेखी**

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने जनहित योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, लेकिन ठीक रखरखाव न होने के कारण ये योजनाएं या तो बंद हो गई या धूल फांक रही है। इनमें से एक है रोजा क्षेत्र में दस साल पहले सवा करोड़ रुपये की लागत से तैयार सोलर प्लांट, जो अब कबाड़ में तब्दील हो गया है।

रोजा नगर पंचायत ने जनहित को देखते हुए क्षेत्र में सवा करोड़ रुपये की लागत से श्मशान घाट की जमीन पर सोलर प्लांट लगाए जाने की मंजूरी दी थी। जिसका उद्देश्य था कि बिजली गुल हो जाने पर रोजा के क्षेत्र मोहल्ला चर्च कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, अटसलिया मार्ग, बाजार मंडी, मछली बाजार, बड़ी फील्ड की सड़कों पर रोशनी बनी रहे।



कबाड़ में तब्दील सोलर प्लांट। ● अमृत विचार

इसके लिए नगर पंचायत ने गली व सड़कों पर खंभों पर एलईडी लाइट लगाई थी। सोलर प्लांट लगने के बाद बिजली न होने पर भी पूरे क्षेत्र में रोशनी रहती थी। लेकिन कुछ माह बाद सोलर प्लांट में खराबी आ गई। जिसकी शिकायत नगर पंचायत के द्वारा संबंधित विभाग को की गई थी। कई माह से बंद पड़े सोलर प्लांट बैटरी अभी चोरी हो गई और तारों को चूहों ने कुतर दिया। रोजा

● **बिजली न होने पर कई मार्गों पर जलती थी स्ट्रीट लाइट**

नगर पंचायत नगर निगम में विलय हो गया, तो लोगों ने नगर आयुक्त से सोलर प्लांट को ठीक कराने की मांग की थी। मांग को देखते हुए निगम प्रशासन ने प्लांट से चोरी गए सामान की रिपोर्ट दर्ज कराकर प्लांट को क्रियाशील करने के लिए पीओ नेड़ा से एक्सपर्ट से वर्तमान स्थिति



खंभों से तार, स्ट्रीट लाइट गायब।

पर रिपोर्ट तलब की थी। जांच हुई, लेकिन आज तक सोलर प्लांट को ठीक से शुरू कराने कि निगम द्वारा कोई कार्यवाही न होने से क्षेत्र के लोगों में मायूसी है। आज प्लांट से जलने वाली स्ट्रीट लाइटें खंभों से लापता हो गई है। लोगों ने तारों को काट लिया है।

### बोले लोग



पूर्व सभासद विनीत शुक्ला ने कहा कि जनहित को देखते हुए सोलर प्लांट के जरिए कुछ मार्गों पर स्ट्रीट लाइट नगर पंचायत द्वारा लगवाई गई थी, लेकिन कुछ माह बाद सोलर प्लांट में खराबी आ जाने के कारण स्ट्रीट लाइटें बंद हो गई थी। जनहित को देखते हुए नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान दें।



सर्राफा व्यापारी अनूप रस्तोगी का कहना है कि जब नगर पंचायत था तब क्षेत्र में काफी विकास हुआ था, लेकिन जब से नगर पंचायत नगर निगम में विलय हो गया। तब से विकास के कई कार्य बंद हो गए हैं। नगर निगम में विलय के बाद क्षेत्र की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है।



पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता उर्फ पोता ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बने सोलर प्लांट को ठीक कराने के लिए कई बार संबंधित विभाग को पत्र लिखे थे, लेकिन इसी बीच नगर पंचायत नगर निगम में विलय हो गया। जनहित को देखते हुए सोलर प्लांट को ठीक कराना चाहिए, ताकि लोगों को लाभ मिल सके।

आचार संहिता से पहले ही चार्ज लिया है, इसलिए सोलर प्लांट के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। सोलर प्लांट को दिखवाया जाएगा, क्यों बंद इस कमी का दूर कर चालू करवाया जाएगा।

– डॉ. विपिन कुमार मिश्रा
नगर आयुक्त

## अहंकार को भक्ति ही नष्ट करती है

**पुवायां, अमृत विचार :** संतरा नाथ मंदिर लखनापुर में चल रही राम कथा के छठे दिन कथावाचक अंजनी शरण ने सीता स्वयंवर की कथा सुनाई।

कथावाचक ने सुनाया कि बड़े-बड़े राजा धनुष उठाने गए, लेकिन वह धनुष को हिला तक नहीं सके। धनुष अहंकार का प्रतीक है और राजा भी अहंकार से भरकर धनुष तोड़ने की इच्छा लेकर पहुंचे थे। रामचंद्र धनुष के पास विनम्रता से गए। उन्होंने पहले अपने गुरु, राजा जनक और धनुष को प्रणाम किया। उसके बाद जैसे ही धनुष उठाया उसके टुकड़े हो गए।

श्रोताओं को इसी प्रसंग को लेकर बताया कि अहंकार से अहंकार को नष्ट नहीं किया जा सकता है। अहंकार को सिर्फ भक्ति ही नष्ट कर सकती है। इस दौरान मुख्य आयोजक आनंद त्रिवेदी के साथ राजेश पांडेय, संतोष त्रिवेदी, आशीष वाजपेयी, रमेश वाजपेयी, राजेश शुक्ला, दीपक द्विवेदी, गौरव त्रिवेदी, अनुराग त्रिवेदी, राजकुमार, विभू आदि लोग सेवा व्यवस्था में लगे रहे।

# पश्मीना के धागों ने बुना रिश्तों का ताना-बाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एमएलआर थियेटर फाउंडेशन के बैनर तले गांधी भवन में शुक्रवार देर शाम नाटक पश्मीना का मंचन किया गया। मूलरूप से कश्मीरी पृष्ठभूमि पर आधारित नाटक का निर्देशन सिंगापुर से प्रशिक्षण प्राप्त रंगकर्मी आरपीडी सोती ने किया।

एमएलआर थियेटर फाउंडेशन के बैनर तले पिछले 45 दिन तक चली कार्यशाला में मृणाल माथुर के नाटक पश्मीना को तैयार कराया गया। पश्मीना नाटक कश्मीर की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है, जो मानवीय संवेदनाओं और अपने-अपनों को खोने के दर्द को बयां करता एक गंभीर नाटक है। नाटक के माध्यम से मानवीय रिश्तों के ताने बाने को पश्मीना के नाजुक धागों से जोड़ने का प्रयास किया गया है। नाटक मंचन में वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना, प्रियंका तायल, सौमित्र शुक्ला, दुर्गेश कुमार, ज़ैद सिद्दीकी, मीनल मिश्रा, अरुंधति देव



गांधी भवन में नाटक पश्मीना के एक भावपूर्ण दृश्य का मंचन करते कलाकार।

● **एमएलआर थिएटर फाउंडेशन के बैनर तले मंचित किया गया नाटक पश्मीना**

शामिल रहे। नाटक का संयोजन संजय राठौर और प्रस्तुति प्रबंधन में आलोक सक्सेना का सहयोग रहा। मंचन में प्रकाश, मंच सज्जा, रूप सज्जा, वस्त्र विन्यास, साउंड आदि व्यवस्था में रवि चौहान, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, अंकित सक्सेना, अभिषेक सिंह, संकल्प अग्निहोत्री, निखिल राणा, लक्ष्मण मिश्रा, रोहित कुमार, अनिल राठौर खिलाड़ी, मनोज यादव आदि का सहयोग रहा। अन्य व्यवस्थाओं में जरीफ मलिक आनंद, सोनू सक्सेना, लक्ष्मण मिश्रा, निखिल राणा, रोहित वर्मा, शुभ शर्मा, अतिथि दीक्षित, वंशिका शुक्ला, नाजमी खान, मनोज यादव, सुनील राठौर, रानी मिश्रा, अजय राठौर आदि का सहयोग रहा। इससे पहले नाटक का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने नारियल फोड़ कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन डॉ. सुरेश मिश्रा ने किया।

# तिरंगा लेकर दौड़े खिलाड़ी, सचिन आशा के नाम रही मिनी मैराथन



मिनी मैराथन में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



स्टेडियम में गुब्बारे उड़ाकर मिनी मैराथन की शुरुआत करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह और नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार सुबह रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम खिलाड़ी हाथों में तिरंगा झंडे लेकर दौड़े। जिला खेल कार्यालय की ओर से परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम से रन फॉर रेस की शुरुआत सुबह 6.30 बजे की गई।

पहले जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी

● **मतदाताओं को जागरूक करने को जिला खेल कार्यालय की ओर से हुआ आयोजन**

बमनिया ने खिलाड़ियों को मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। इसके बाद सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह और नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया। दौड़ हथौड़ा स्टेडियम से शुरू होकर सुभाष चौराहा, लोधीपुर, खिरनीबाग चौराहा होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज खेल मैदान में संपन्न हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष खिलाड़ी शामिल हुए। पुरुष वर्ग में सचिन ने प्रथम, अर्जुन ने द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान तथा महिला वर्ग में आशा पासी ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए रणवीर सिंह, डीपीआरओ घनश्याम सागर, नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी मंयक भदौरिया, डॉ. अजीत सिंह चारग, डॉ. आशीष गोयल, डॉ. रानू दुबे, अजप पाल वर्मा, राहुल तोमर, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# रंगोली, सेल्फी से मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद में 13 मई को होने वाले निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में शिक्षा विभाग ने तेजी पकड़ ली है। प्रतिदिन कोई न कोई आयोजन स्कूल-कॉलेजों में चलाया जा रहा है। जिनमें छात्र-छात्राएं बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को रंगोली, सेल्फी, शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देश और डीआईओएस हरिवंश कुमार तथा बीएसए रणवीर सिंह के निर्देश पर स्कूल-कॉलेजों में रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालयों, माध्यमिक कॉलेजों और परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को चुनाव और उनके एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए 13 मई को सबसे पहले वोट डालने का संदेश दिया। इसमें प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी सहभागिता करते




जिले के एक कॉलेज में बनाई रंगोली दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

● **शिक्षण संस्थाओं में जोरशोर से चलाया गया जागरुकता अभियान**

हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा सेल्फी प्वाइंट बनाकर शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ फोटो भी खिंचवाए। साथ ही प्रधानाचार्यों ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को वोट का महत्व समझाते हुए शत प्रतिशत करने और दूसरों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई।




जीआईसी में सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते प्रधानाचार्य अनिल कुमार।



देहात के एक कॉलेज में रंगोली के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार



छात्र-छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली। ● अमृत विचार

## बैठक में नियुक्त किए न्याय पंचायत प्रभारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पुवायां की मासिक बैठक में मुख्य रूप से न्याय पंचायत प्रभारी चयन, ई-सर्विस बुक में संशोधन, एरियर भुगतान, एनपीएस खाते में प्राप्त न होने वाली धनराशि, नोडल शिक्षक चयन आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला राही की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला मीडिया प्रभारी श्रेयस चंद्र सक्सेना ने बताया कि एरियर तथा एनपीएस संबंधी समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही समस्या दूर होने की संभावना है। महामंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि नोडल शिक्षक एवं ई सेक्शन संबंधित समस्या के लिए चुनाव बाद समाधान हो जाएगा। दिग्विजय ने आयकर रिटर्न फाइल करने संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर न्याय पंचायत प्रभारी के रूप में बड़ागांव से दिग्विजय, बसखेड़ा खुर्द से विनोद राठौर, गंगसरा से रीनू, नाहिल से लक्ष्मी और अपेक्षा, जुझारपुर से रिया, जेवां से रविकांत, सुनारा से हरिमोहन के नाम की घोषणा की गयी। बैठक में अवनि कुमार दीक्षित, श्रद्धा, विनोद, अरविंद शुक्ला, गौरव त्रिपाठी, शिव कुमार, गुरमिंदर, संदीप शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

● **राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पुवायां की मासिक बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा**




शहीद उद्यान के ओपेन थिएटर में नुक्कड़ नाटक से वोट का महत्व समझाते युवा। ● अमृत विचार

# मतदान गीतों से गूंजा शहीद उद्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में 13 मई को होने वाले मतदाता के प्रति लोगों का जागरुक करने का सिलसिला जोर पकड़ता रहा है। इसी कड़ी में शहीद उद्यान परिसर स्थित ओपेन थिएटर में मंथन आर्ट सोसाइटी और जीएफ कॉलेज की ओर से नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से वोट का महत्व समझाते हुए मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरुक किया गया।

शुक्रवार को युवाओं की टीमों ने संदेशप्रद नाटक और गीतों के जरिए लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाया और एक-एक वोट की कीमत भी समझाते हुए सभी को सारे काम छोड़ कर

● **जीएफ कॉलेज और मंथन आर्ट सोसाइटी के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक और गीतों से बांधा समां समझाई वोट की कीमत**

पहले मतदान किए जाने का संदेश दिया। इससे पहले सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, डीआईओएस हरिवंश कुमार, उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी आदि ने युवाओं को वोट का महत्व समझाते हुए शत प्रतिशत वोट डालने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, धर्मानंद इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल, हर कुमार तारा पाठक कन्या इंटर कॉलेज, अंगनेलाल इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज समेत बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे। आयोजन में बीएसए रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, धनवीर, दीपक कुमार दीक्षित, धीरज दीक्षित, राजन प्रजापति, डॉ. बृजेश कुमार, लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब, डॉ. फैयाज अहमद, शिवा सक्सेना, सचिन सक्सेना, डॉ. शाइस्ता नसीम, विमला वर्मा, नेहा मिश्रा, मगरे लाल, विश्राम सिंह, राहुल तोमर, नितिन मिश्रा, अजय वर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



शहीद उद्यान परिसर स्थित ओपेन थिएटर में नुक्कड़ नाटक देखते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# छात्रों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ



छात्रों को शपथ दिलाते कार्यवाहक प्रधानाचार्य कमलेश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षकों और छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य कमलेश कुमार ने यातायात नियमों का पालन न करने के लिए प्रेरित किया और नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा हमारी सावधानी से ही दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। हमेशा बाइक चलाते समय हेलमेट और चौपहिया वाहन चलाते हुए सीट बेल्ट का उपयोग करना हितकारी रहता है। इस अवसर पर विनोद कुमार, रामकुमार मौर्य, सुशील कुमार, श्रवण कुमार, सुरेश कुमार, सच्चिदानंद गुप्ता, प्रदीप कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

● **एसपी कॉलेज में दी यातायात नियमों के पालन की जानकारी**

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर घायल हो गया। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव ऊंचा गांव कनपरा के विजय प्रताप पुत्र बृजमोहन की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उनका भाई अरुण कुमार (25) 16 अप्रैल को लगभग चार बजे गांव भटीयूरिया में ट्रॉली का कांटा कराने के लिए मिश्रा धर्म कांटा के पास खड़ा था। तभी अज्ञात ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसका इलाज बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में युवक घायल

**पुवायां।** नेशनल हाईवे पर गुटैया पुल के पास ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

खुटार के गांव हिटोटा निवासी सुरेंद्र (28) बाइक से शुक्रवार शाम ससुराल जा रहा था। इसी बीच उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल होकर सड़क पर गिर गया। एंबुलेंस से उसको पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान पाया कि सुरेंद्र को हेड इंजरी हुई है और उसकी हालत गंभीर है। ऐसे में डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मिर्जापुर से किशोर लापता

**मिर्जापुर।** कस्बे के बहेरिया रोड निवासी रामनिवास राठौर का पुत्र अवनीश (16) गुरुवार दोपहर से गायब है। परिजनों के काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## राजेश कश्यप ने 22 को पर्चा दाखिल किया वहीं ज्योत्सना का 24 को कराया गया था नामांकन

# जाति प्रमाण पत्र पर उठे सवाल तो सपा ने प्रत्याशी से कर लिया किनारा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल कर दिया गया था ज्योत्सना के नाम का लेटर

**अमृत विचारः** शाहजहांपुर से राजेश कश्यप की उम्मीदवारी पर शुरू से ही तलवार लटक रही थी। पार्टी ने 18 अप्रैल को उनके नाम की घोषणा की थी। उन्होंने दमखम से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू ही की थी कि राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेत्री पूर्व सांसद जल्द सपा में शामिल होंगी और पार्टी राजेश कश्यप का टिकट काटकर उन्हें उम्मीदवार घोषित करेगी। इसी दौरान उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल उठने लगे कि ओबीसी होकर एससी का जातिप्रमाण पत्र जारी करा लिया। तभी से समाजवादी पार्टी उनसे किनारा करती नजर आने लगी। आनन-फानन हरदोई की रहने वाली ज्योत्सना गौंड का नामांकन करा दिया और निर्वाचन अधिकारी को पार्टी की ओर से जारी लेटर भी दे दिया गया।

नामांकन खारिज होने के बाद राजेश कश्यप के चेहरे पर निराशा के भाव थे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गेम किया है। दो दिन पहले एक सपा नेता ने पार्टी की ओर से


सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के साथ ज्योत्सना गौंड।

लाया गया दूसरा लेटर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल कर दिया था जिसमें ज्योत्सना को पहला प्रत्याशी बना दिया गया था। जबकि उन्हें दूसरा प्रत्याशी बनाया गया। जब वह दूसरे प्रत्याशी घोषित हुए तो उन्हें 10 प्रस्तावकों की आवश्यकता थी जबकि उन्होंने दो ही प्रस्तावक दाखिल किए थे। जिसके चलते उनका नामांकन खारिज हो गया। राजेश ने कहा कि उन्हें निर्वाचन अधिकारियों से इस तरह की जानकारी मिली है। कहा कि आगे की रणनीति बनाने के बारे में विचार कर रहे हैं। हालांकि सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने बताया कि उन्हें पता चला कि जाति प्रमाण पत्र को लेकर राजेश का नामांकन खारिज हुआ है। बहरहाल पार्टी अब ज्योत्सना गौंड को चुनाव लड़ाएगी।


कलेक्ट्रेट में मीडिया कर्मियों से बात करते राजेश कश्यप। • अमृत विचार

### एमएलसी राजपाल की भांजी हैं ज्योत्सना

एमएलसी राजपाल कश्यप समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनकी भांजी ज्योत्सना गौंड हरदोई के मझरेता की रहने वाली हैं। उन्होंने सपा से अपना नामांकन कराया था। ज्योत्सना गौंड का परचा वैध पाया गया है। अब वह पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी हैं।

### फंसे राजेश कश्यपः ओबीसी होकर एससी प्रमाणपत्र!

राजेश कश्यप के नामांकन पत्र खरीदने से पहले ही उनके अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र को लेकर सवाल उठने लगे थे। कहा गया कि उत्तर प्रदेश में कश्यप जाति ओबीसी में आती है। ऐसे में राजेश कश्यप अनुसूचित जाति के कैसे हो सकते हैं। यह भी कहा गया कि राजेश कश्यप के परिवार के कुछ लोग खुद को ओबीसी बताते हैं। ऐसे में एक ही परिवार के लोग अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र कैसे रख सकते हैं। परिवार का एक व्यक्ति ओबीसी और दूसरा एससी कैसे हो सकता है।

# हाईवे पर ट्रकों की भिड़ंत, तीन चालक गंभीर घायल

## काफी देर तक क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे रहे चालक, बमुश्किल निकाले गए बाहर

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गुर्री के पास शुक्रवार को तीन ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों ट्रकों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में तीनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल चालकों को जिला अस्पताल भेज कर क्रेन की मदद से हाईवे साफ कराया।

नेशनल हाईवे पर शुक्रवार पूर्वाहन करीब 11 बजे तेज रफ्तार वाहन दौड़ रहे थे। बरेली की ओर तो कोई लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी अचानक गुर्री के पास वाहनों के भिड़ने की तेज आवाज सुनाई दी। लोगों ने देखा तो तीन वाहन आमने-सामने भिड़ चुके थे।

ट्रकों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका था और ट्रकों के चालक केबिन में बुरी तरह से फंसे हुए बचाव के लिए चीख पुकार मचा रहे थे। रोजा थाना प्रभारी राजीव


हाईवे पर भिड़े खड़े वाहन और घटना के बाद लगा जाम। • अमृत विचार

- एक घंटे यातायात रहा ठप, क्रेन की मदद से साफ कराया हाईवे

कुमार दल बल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल चालकों को ट्रक के केबिन से बाहर निकाला और फिर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों में चालक ककनेश पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी नीमगांव जनपद लखीमपुर खीरी, राजकुमार पुत्र तेजपाल निवासी बाजीपुर थाना दौराला जनपद मेरठ तथा मोहम्मद अकमल पुत्र मोहम्मद अली

> नेशनल हाईवे पर गुर्री के पास तीन ट्रक आपस में टकरा गए, जिसमें तीनों ट्रकों के चालक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।
> – राजीव कुमार, थाना प्रभारी, रोजा

निवासी काकरौली जनपद मुजफ्फरनगर घायल हो गए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से तीनों ट्रकों को किनारे लगवाकर हाईवे को साफ कराया। इस दौरान करीब एक घंटे यातायात प्रभावित रहा।

# हादसे में सेवादार समेत दो की मौत, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांट क्षेत्र में साइकिल सवार सेवादार को कार ने मारी टक्कर
- कार की चपेट में आए बाइक सवार दंपती समेत चार लोग

**अमृत विचारः** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में गुरुद्वारे के सेवादार और महिला की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। कांट रोड पर पिपरौला गुरुद्वारा के सामने कार ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार गुरुद्वारे के सेवादार की मौत हो गई। मोहम्मदी रोड पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। जबकि मृतका की बेटी, दामाद और नाती घायल हो गया।

लखीमपुर खीरी जिले के थाना मोहम्मदी के गांव सहदेवा निवासी जाहगीर सिंह (70) कांट क्षेत्र के गांव पिपरौला गुरुद्वारा में सेवादार थे। वह गुरुद्वारा में ही रहते थे। गुरुवार दोपहर तीन बजे वह बरेली मोड़ पर साइकिल से गुरुद्वारा जा रहे थे। कांट रोड पर गुरुद्वारे के सामने कार ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चालक कार लेकर भाग गया। खबर मिलने पर परिवार वाले पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है और दो बच्चे है।

वहीं, सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव कुतुआपुर निवासी सुनीता (55) की रिश्तेदारी लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गूजरपुर में है। उसके दामाद सत्येंद्र निवासी गुजरपुर थाना मोहम्मदी जिला खीरी के बेटे कुलदीप का मुंडन था। सुनीता, सरोजनी देवी अपने गोद में बच्चे को लेकर सत्येंद्र के साथ बाइक से मोहम्मदी जा रही थी। कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिला तथा एक साल का बच्चा टेरिस व सत्येंद्र घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान सुनीता की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक कार लेकर भाग गया। दोनों परिवारों में रोना पीटना मच गया।

# जांच के बाद 11 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज, 10 मैदान में

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ददरौल उपचुनाव में सभी दस पर्चे मिले सही

**अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 11 उम्मीदवारों के पर्चे खारिज हुए हैं। अब चुनाव मैदान में कुल 10 उम्मीदवार रह गए हैं। जबकि ददरौल विधानसभा में सभी 10 उम्मीदवारों के पर्चे सही पाए गए हैं। लोकसभा से प्रमुख राजनीतिक दलों समेत 21 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इसमें भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर, सपा प्रत्याशी ज्योत्सना गौंड, बसपा प्रत्याशी दोदराम वर्मा, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से किरण, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से प्रदीप कुमार, सरदार पटेल सिंद्धात पार्टी से प्रेमचंद्र हरिजन, मानव क्रांति पार्टी से रमेश चंद्र वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशियों में धर्मपाल, मीना कश्यप और शिव कुमार कश्यप का पर्चा वैध पाया गया है।

जबकि सपा के नाम से पर्चा भरने वाले राजेश कश्यप, नेता जी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय पार्टी से रामपाल, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से सुरेश, आजाद अधिकार सेना से शैलेश कुमार, संयुक्त विकास पार्टी से किशन लाल, भारतीय भाईचारा पार्टी से नरेंद्र कुमार, कम्प्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से सुरेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में राकेश, संजीव, महेंद्र, रामपाल शास्त्री का पर्चा खारिज हुआ है। ददरौल उपचुनाव में सभी दस पर्चे सही पाए गए हैं। इनमें अरविंद कुमार सिंह, अवधेश कुमार वर्मा, सर्वेश चंद्र मिश्रा, रामपाल, स्वयं प्रकाश कौशल, अजीत शुक्ला, आराधना मिश्रा, कंचन, देवेश कुमार वर्मा, राशिद खां का पर्चा सही निकला है।

### महिला ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**खुटार, अमृत विचारः** गांव सहारू निवासी शिव नारायण की पत्नी रुचि देवी ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व वह अपने मायके खुटार के गांव रुजहा खुर्द गई थी। 24 अप्रैल को उसके पति उसे लेने आए थे। खाना खाने के बाद बाइक लेकर गांव कुसमा निवासी बहनोई के घर जाने की बात कहकर निकले गए थे। देर शाम होने के बाद घर नहीं लौटे तो चिंता हुई। उनसे संपर्क करने का काफी प्रयास किया। लेकिन बात नहीं हो पाई। पीड़ित रुचि ने अपने पति की बरामदगी को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हादसे में घायल ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत

संवाददाता, निगोही

- गुरुवार शाम झगड़ रहे छुट्टा पशुओं से टकराकर हो गया था घायल
- जिला मेडिकल कॉलेज से परिवार वाले इलाज कराने ले गए थे लखनऊ

**अमृत विचारः** झगड़ रहे छुट्टा पशुओं से टकराकर घायल हुए ट्रैक्टर मिस्त्री की दूसरे दिन शुक्रवार रात लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


मृतक पवन अवस्थी।

थाना तिलहर के गांव बथुई अक्का निवासी पवन अवस्थी (22) निगोही में एक ट्रैक्टर एजेंसी पर बतौर मिस्त्री काम करता था। गुरुवार शाम एजेंसी से वह घर जाने के लिए बाइक से निकला था। शाम करीब छह बजे बाइक पिपरिया खुशाली के पास पहुंची, तभी उसकी बाइक के सामने आपस में झगड़ रहे छुट्टा जानवर आ गए और बाइक से जानवर लड़ गए। जिससे बाइक सवार पवन मय बाइक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर निगोही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को निगोही सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लखनऊ ले गए। जहां शुक्रवार रात करीब आठ बजे पवन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पवन की मौत की जानकारी उसके भाई राहुल अवस्थी ने दी। मृतक की पत्नी वर्षा व परिवार के अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी तीन वर्ष पहले वर्षा से शादी हुई थी। उसके कोई संतान नहीं है।

### वृद्ध महिला की मौत के मामले में चालक पर रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो जाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव लालापुर निवासी जाकिर अली ने बताया कि 20 अप्रैल को वह अपनी मां नन्ही बेगम (65) पत्नी सवाना बेगम के साथ खुटार के गांव भरकलीगंज बीमार दादी को देखकर बाइक से घर लौट रहे थे। खुटार-पूरनपुर रोड पर लौहगांपुर जंगल में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। सड़क हादसे के बाद मां नन्ही बेगम को खुटार अस्पताल में ले गए थे। जहां डॉक्टर ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मामले में जाकर अली ने पुलिस को तहरीर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दबंग के इशारे पर कर दी गलत चकबंदी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर तहसील के गांव सिकंदरपुर कला निवासी तमाम लोगों ने चकबंदी आयुक्त को पत्र भेजकर गांव में नियम विरुद्ध चकबंदी प्रक्रिया किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया कि एक दबंग नेता के इशारे पर अधिकारियों ने नियम विरुद्ध चकबंदी गांव में कर दी। गलत तरीके से अपने व अपने परिवार के चक बनवा लिए। इस तरह ग्रामीणों का शोषण किया गया। ग्रामीण लगातार दोबारा नियमानुसार चकबंदी कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। जिला प्रशासन को भी इस संबंध में पत्र दिया जा चुका है, लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है।

गांव के आदित्य वीर सिंह ने बताया कि गांव में तमाम उड़ान चक्र बना दिए गए हैं। जमीन को खुर्द कर दिया गया है। जिसको लेकर ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने सही तरीके से चकबंदी प्रक्रिया करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को परेशानी से बचाया जा सके।

# प्रेक्षक ने दिए आग से सुरक्षा बेहतर रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम उमेश प्रताप सिंह के साथ सामान्य प्रेक्षक बाबू लाल गोयल, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन और व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने रोजा मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रेक्षकों ने लोकसभा चुनाव ददरौल, उप चुनाव के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, बैरिकेडिंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिगत सभी बिंदुओं को चेक करते हुए निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम व मतगणना


अधिकारियों के साथ रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल का निरीक्षण करते प्रेक्षक। • अमृत विचार

- स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल का किया निरीक्षण, कहा- लगातार चलता रहे सीसीटीवी

हॉल से निर्धारित दूरी पर टावर स्थापित कर निरंतर निगरानी की जाए। सीसीटीवी कक्ष को भी देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीसीटीवी सुचारू रूप से लगातार चलती रहें। स्ट्रांग रूम व मतगणना सहित संपूर्ण परिसर में अग्नि सुरक्षा का प्रबंध करने को निर्देश दिए।

सुरक्षा को देखते हुए विशेष स्थिति के लिए उन्होंने सभी कक्षों के टीन शेड में छेदों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया जाएगा। जिले में 13 मई को मतदान व चार जून को मतगणना होगी। इस दौरान अशोक कुमार मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय आदि रहे।

# युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, कराया जाएगा डीएनए टेस्ट

संवाददाता, खुटार

- छापाबोझी जंगल में सड़ा गला मिला था युवक का आधा धड़
- काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो पाई शिनाख्त, विसरा प्रिजर्व

**अमृत विचारः** छापाबोझी बीट के जंगल में सड़ा गला युवक का शव मिलने के मामले में तीन दिन हो चुके हैं। लेकिन युवक कहां का रहने वाला था। उसकी मौत कैसे हुई है। इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है और न ही उसके परिजनों का पता चल पाया है। इसके लिए डीएनए को उसका विसरा रखवा दिया गया है।

छापाबोझी जंगल में कंपार्ट नंबर दो में 24 अप्रैल को एक युवक का सड़ा और गला हुआ शव मिला था। उसका एक हाथ, दोनों पैर गायब थे। चारवाहों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी थी। रेंजर मनोज

> शव पूरी तरह से सड़ जाने के कारण पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नही हुआ है। इसलिए विसरा सुरक्षित रखवाया गया है। डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा। –संजय कुमार थानाध्यक्ष, खुटार

श्रीवास्तव और थानाध्यक्ष संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। जहां लोगों से पूछताछ के बाद भी युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। युवक की उम्र 30 से 35 बताई गई थी। पैर, हाथ और अन्य हिस्सा गायब था। पुलिस ने जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई थी। वहीं वन विभाग ने जंगली जानवर के हमले की बात से इनकार किया था।

**अनदेखी** जिले में प्रतिबंधित होने के बावजूद संज्ञान नहीं ले रहे जिम्मेदार

# कोई असर नहीं, बेखौफ की जा रही साठा धान की रोपाई

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचारः** साठा धान पर पूरे जिले में प्रतिबंध लगे होने के बावजूद बंडा क्षेत्र के कई गांवों में इसकी रोपाई की जा रही है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में कोई भी कदम उठाने को तैयार नहीं हो रहे हैं। घटते भूगर्भ जलस्तर को रोकने के लिए और पेयजल संकट से बचने के लिए प्रशासन ने साठा धान की पैदावार पर रोक लगा रखी है।

शाहजहांपुर जनपद से सटे जिले पीलीभीत और लखीमपुर जिले में साठा धान की रोपाई लगातार की जा रही है जबकि जिले में इस पर कई वर्षों से प्रतिबंध लगा हुआ है। उत्तर प्रदेश में मिनी पंजाब के नाम से पहचान बनाने वाली तहसील पुवायां के ब्लॉक खुटार, सिंधौली और बंडा में गेहूं और धान की पैदावार होती है। लेकिन किसानों की मनमानी के


गुनहा खमरिया में लगाया गया साठा धान। • अमृत विचार

चलते साठा धान की रोपाई निरंतर जारी है। साठा धान की फसल 60 से 70 दिनों में पककर तैयार होती है। इसीलिए इसमें अधिक मात्रा में सिंचाई के लिए जल की आवश्यकता होती है। पीलीभीत में भी किसानों ने साठा धान की फसल को अपने खेतों में रोपा है। बंडा क्षेत्र के मकसूदपुर, भांभी, गहलुइया, अख्तियारपुर, धर्मापुर, नवदिया बंकी, बरीबरा, गुनहा खमरिया सहित अन्य गांवों में साठा धान बेधड़क होकर रोपा जा रहा है। इस संबंध में एक लेखपाल से बात की गई तो उसने बताया कि पड़ोसी जिलों में साठा धान लगाए जाने के चलते किसान अपनी मनमानी पर उतारू हैं जबकि ऐसा करने वाले सभी किसानों पर कार्रवाई का आदेश है क्योंकि पूरे जिले में साठा धान पर प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन

- मकसूदपुर, भांभी, गहलुइया अख्तियारपुर, धर्मापुर आदि गांवों में हो रहा जल का दोहन
- 60 से 70 दिनों में तैयार होती फसल, सिंचाई को होती है अधिक जल की आवश्यकता

> जिले भर में जहां भी साठा धान लगाया जा रहा है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> –उमेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

अधिकारियों की सख्ती के बावजूद भी साठा धान की रोपाई पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। साठा धान लगाकर किसान प्रकृति के विरुद्ध खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं। भूगर्भ जलस्तर लगातार गिरने की वजह से क्षेत्र में पेयजल संकट पहले से ही गहरा रहा है। किसान साठा धान की रोपाई कर जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।

# पत्नी की विदा कराने आए युवक की संदिग्धावस्था में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बदायूं जिले का रहने वाला था परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से कर दिया मना

**अमृत विचारः** ससुराल में पत्नी की विदा कराने के लिए आए एक युवक की अचानक तबीयत खराब हो गई। ससुराल वाले उसे कटरा सीएचसी पर ले गए। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदायूं जिले का रहने वाला था। परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरके शव को परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया।

बदायूं जिले के थाना बिल्सी थाना के गांव बेनी निवासी अरुण सिंह (27) की शादी चार वर्ष पूर्व कटरा थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में रिंकी के साथ हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी में दहेज को लेकर मतभेद हो गया था। रिंकी डेढ़ साल के पुत्र को लेकर एक माह पूर्व मायके चली आई थी। गुरुवार को अरुण अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था। शुक्रवार की सुबह दस बजे उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई तो ससुराल वाले उसे सीएचसी पर ले गए। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलने पर मृतक के भाई अमित सिंह परिवार वाले कटरा पहुंचे। उन्होंने बताया कि उसके भाई की मौत कैसे हुई, अभी कुछ जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव का पंचनामा भरके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
A GROUP OF CHANGE
TRANSFORMING LIVES.... REALIZING POSSIBILITIES
OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available

शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808
9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

# आग ने मचाही तबाही, खेत में कटाई को तैयार गेहूं की फसल जलकर राख

## ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू, महीनों की मेहनत पर पल भर में फिरा पानी

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** गन्ना की बुवाई के लिए नरई में लगाई गई आग ने पड़ोस के खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। इससे कई किसानों के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

ग्राम पंचायत छतेनी के कृषि रकबा में सुबह करीब 10 बजे नरई के खेत में अचानक आग की लपटें उठाई दी, तेज हवा के झोके के साथ आग ने नरई के पास में ही कटाई के लिए तैयारी खड़ी गेहूं की फसल को भी चपेट में ले लिया। फसल में आग लगते ही गांव के तमाम लोग आग बुझाने के लिए खेत की ओर दौड़ पड़े।

गांव के लोग पेड़ों की पत्तों वाली डाली, पानी आदि इंतजाम के साथ आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए, कुछ किसानों ने आग के आगे ट्रैक्टर से खेत की जुताई करनी शुरू कर दी। हवा इतनी तेज चल रही थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था देखते ही देखते आग ने छतेनी गांव निवासी गब्बर पुत्र नंदलाल और उसके चाचा रामचंदर, पड़ोसी गांव अजमतपुर निवासी राजेश कुमार की फसल को चपेट में ले लिया।


आग से तबाह हुई गेहूं की फसल, आग बुझाने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **अन्न का एक दाना भी नहीं पहुंच पाया घर, लेखपाल ने मुआयना कर किया नुकसान का आंकलन**

बमुश्किल आग पर काबू पाया गया लेकिन आग से इन किसानों की गेहूं की फसल को बचाया नहीं जा सका। कुछ मिनट पहले जिस खेत में गेहूं की पकी फसल लहलहा रही थी, उस खेत में राख ही राख नजर आ रही थी। इस आगजनी में गब्बर का सात बीघा और उसके चाचा रामचंदर का भी सात बीघा गेहूं जल गया। अजमतपुर गांव निवासी राजेश की भी दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग से तबाह ही फसल वाले खेत को देखकर किसानों के चेहरे मायूस हो गए। जानकारी मिलते ही लेखपाल ने मौका मुआयना कर क्षति का आंकलन किया और मुआवजा दिलवाए जाने का आश्वासन दिया।

### एक किसान ने नरई में लगाई थी आग

गांव के लोगों ने बताया कि एक किसान को अपने खेत में गन्ने की बुवाई करनी थी, इसलिए उसने नरई में आग लगा दी। तेज हवा के झोके के साथ आग पड़ोस में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल तक पहुंच गई। नरई जलाने वाले किसान के प्रति लोगों में गुस्सा भर गया।

### भाकियू नेताओं ने कराया समझौता

नरई में आग लगाने वाले किसान के खिलाफ कार्रवाई को लेकर अग्निपीड़ित किसान तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच भाकियू टिकैत गुट के मंडल अध्यक्ष देवेंद्रपाल यादव व महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष माधुरी देवी कुशवाहा गांव पहुंच गईं। नरई में आग लगाने वाले किसान और अग्निपीड़ित किसानों से बातचीत कर नुकसान की भरपाई की बात कही। नुकसान की भरपाई के आश्वासन पर किसान तहरीर देने नहीं गए और दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# नगर आयुक्त को पार्षदों ने गिनाईं वार्डों की समस्याएं


नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा को ज्ञापन देते पार्षद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पार्षदों के शिष्टमंडल ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा से शुक्रवार को मुलाकात कर अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत कराया। इस संबंध में नगर आयुक्त को एक ज्ञापन भी दिया गया। अधिकारी ने पार्षदों की समस्याएं सुनकर उनका शीघ्र समाधान किए जाने का भरोसा दिया।

पार्षदों विपिन सिंह यादव ने नगर आयुक्त को बताया कि उनके वार्ड में पिछले 8 महीने से सफाई कर्मी नहीं पहुंच रहे हैं, जिस कारण सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है, मोहल्ले वालों में रोष पनप रहा है। पार्षद दिवाकर मिश्र ने सड़क के नालों की सफाई कराने, पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग कराने की बात रखी। राम बरन ने कहा कि ऐसा शेड्यूल बनाया जाए, जिसमें सप्ताह में हर वार्ड में फॉगिंग हो सके। साथ ही एंटी लारवा छिड़काव भी कराया जाना बहुत आवश्यक है। अनूप सिंह ने वार्डों में सीवर लाइन पड़ने के बाद सड़कों की मरम्मत कराने की बात उठाई। इस अवसर पर खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हरबंस दीक्षित, सफाई इंस्पेक्टर सुनील शाक्य आदि भी मौजूद रहे।

- **शिष्टमंडल ने वार्डों की सफाई फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के उठाए मुद्दे**

# गीता से जीवन प्रबंधन विषय पर हुआ वर्चुअल प्रबोधन वर्ग

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उत्तर क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की ओर से प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया, जिसका विषय गीता से जीवन प्रबंधन रहा।

प्रबोधन वर्ग में उत्तर क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के आठ जिलों से लगभग 160 कार्यकर्ताओं ने आभासीय माध्यम से प्रतिभाग किया। प्रबोधन वर्ग की शुरुआत जम्मू कश्मीर प्रांत से डॉ. रोची चरक ने दीप प्रज्ज्वलन कर गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया। इसके बाद भूपेंद्र बनियाल ने अथितियों और प्रतिभागियों का स्वागत करा परिचय दिया। विषय की प्रस्तावना मेरठ प्रांत के सह संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को दी। गीता से जीवन प्रबंधन विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज करनाल (हरियाणा) के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. मेजर सिंह खेहरा की ओर से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्मिक व सत्य पूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। गीता से प्रबंधन विषय पर बोलते हुए डॉ. खेहरा की ओर से गीता के जीवन में अति उपयोगी पहलुओं पर विशेष रूप से मार्गदर्शन प्राप्त दिया गया। जिनका व्यवहारिक जीवन महत्वपूर्ण योगदान रहता है और सफल व समर्थ जीवन की अभिधारणा में प्रत्येक मनुष्य को जीवन जीने में आनंद और जीवन में प्रबंधन की दृष्टि से एक सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

# तालाब पर मिट्टी डालकर जमा लिया कब्जा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तालाब पर कब्जा करके प्लाटिंग की जा रही है। शिकायत करने के बाद भी जांच में खानापूर्ति की जा रही है। प्रापर्टी डीलरों ने नगर में पंथवारी मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित तालाब पर मिट्टी डालकर अवैध कब्जा जमा लिया है। अब बेशकीमती भूमि बेची जा रही है, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन को इस बात की जरा भी भनक नहीं लग पाई है।

अब तालाब में मिट्टी डालकर नींव भरवाने का प्रयास है। इस मामले में अधिकारी कह रहे हैं कि मामला संज्ञान में नहीं है और जांच कराई जाएगी। इसी तालाब को पहले भी मिट्टी डालकर जेसीबी से बराबर कराया गया था। इसके बाद प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध कब्जा कर लिया था। इस मामले में 13 जनवरी, वर्ष 2022 को अमृत विचार अखबार ने इस खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लेकर जांच कराई थी तो तालाब पर अवैध कब्जा सही पाया गया था। इसके बाद भरवाई गई नींव को तुड़वा दिया गया था, लेकिन अब फिर से मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है।


तालाब के एक हिस्से में डाली गई मिट्टी। ● अमृत विचार

तालाबों पर अवैध कब्जा के मामले में 48 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है, लेकिन तालाब कब्जामुक्त नहीं हो सके हैं। 6 अप्रैल 2018 में तहसीलदार विजय शर्मा की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई में बताया था कि खुटार सहित आसपास के गांव के 48 लोगों ने गांव खरगपुर परगना खुटार के कई गाटा में स्थित तालाब की श्रेणी (6)1 और गांव नारायणपुर विक्रमपुर के तालाब पर कब्जा कर मकान और दुकानें बना ली थी।

जिस कारण सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तहसीलदार विजय शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी उक्त लोगों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कीथी।

- **शिकायत करने के बाद भी जांच में की जा रही खानापूर्ति**

> हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। अगर तालाब पर मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**अमित कुमार**, नायब तहसीलदार

# उपलब्धि: नेशनल असेसमेंट में तिलहर सीएचसी ने पाया मंडल में प्रथम स्थान

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा नामित राष्ट्रीय असेसमेंट टीम के चिकित्सक डॉ प्रशांत नायक, डॉ. संदीप कुमार तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। सर्वे करते हुए अस्पताल की सर्विस प्रोविजन पेशेंट राइट इनपुट सपोर्ट सर्विसेज क्लिनिकल सर्विसेज इनफेक्शन कंट्रोल क्वालिटी मैनेजमेंट एवं आउटकम अस्पताल के सभी स्टाफ का इंटरव्यू लिया और दस्तावेजों का गहनता से परीक्षण किया।

डॉ. करन सिंह चिकित्सा अधीक्षक व क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. तौकीर नवी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर बरेली मंडल का पहला केंद्र है, जिसका नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस प्रमाणीकरण) के लिए भारत सरकार की टीम द्वारा नेशनल असेसमेंट दिनांक 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को किया गया। जिला सलाहकार क्वालिटी एश्योरेंस डॉ. तौकीर ने बताया कि क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन अलग अलग चरणों में चिकित्सालय का मूल्यांकन किया जाता है। जिसमें तिलहर के स्वास्थ्य केंद्र ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बधाई देते हुए सीएमओ ने कहा कि यह सामूहिक मेहनत का नतीजा है।


नर्स से सवाल–जवाब करते निरीक्षण टीम के सदस्य। (फाइल फोटो)

- **सीएमओ ने कहा- सामूहिक मेहनत का नतीजा है परिणाम**

## यह प्यास है बड़ी


गर्मियों में इंसान के साथ–साथ जीव जंतु भी परेशान हैं। शुक्रवार को खुटार में ब्लॉक परिसर में घूम रहे एक बंदर ने पानी की तलाश में ब्लॉक में लगे वाटर कूलर की टोटी खोल ली और पानी पीने लगा। बंदर को इस तरह लटक कर पानी पीता देख लोगों ने यही महसूस किया कि यह प्यास है बड़ी। कुछ लोगों ने कहा कि गर्मी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमें पशु–पक्षियों के लिए घर की छतों और दरवाजों पर पानी रखना चाहिए। फोटो :– पारुल मिश्रा (खुटार)

# रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में लगी आग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोडवेज रेलवे फाटक के निकट रेल लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लग जाने से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। रोडवेज रेलवे फाटक संख्या 323 पर डाउन लाइन के किनारे शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे अचानक झाड़ियों में आग लग गयी। गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर को आग लगने की सूचना दी। स्टेशन अधीक्षक ने पावर केबिन को ट्रेनों के संबंध में अलर्ट कर दिया। आग लगने की सूचना अग्निशमन कार्यालय को दी गई। दमकल वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी बीडी पटेल ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लगी थी।

**दिक्कत** पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत किया जा रहा निर्माण कार्य, बोले लोग–साइड में डाल देने चाहिए पत्थर

# बीच सड़क पर पड़े हैं पत्थरों के ढेर, वाहन चालक उठा रहे मुसीबत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** ठेकेदार की अनदेखी के चलते लोगों को बन रही सड़क से अपने गांवों में जाने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं होने से लोगों को राहगीरों को काफी दूरी तय करनी पड़ रही है।

क्षेत्र के गांव मुड़िया वैश्य से नगरिया प्रयागपुर चौराहे पर लिंक मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य कई महीनों से चल रहा है। जिसकी दूरी लगभग ढाई किलोमीटर के आसपास बताई जा रही है। इस रोड का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है, लेकिन सड़क पर पड़ने वाला पत्थर लापरवाही के कारण ट्रक वाले बीच रोड पर ही ढेर लगा देते हैं।

जिस कारण लोगों को गाड़ी और बाइक गांवों तक ले जाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि रोड पर डाले जा रहे पत्थर को बीच सड़क पर ना डालकर साइड में डाल देना चाहिए जिससे निकलने में कठिनाई न हो।


बीच सड़क पर लगा पत्थरों का ढेर। ● अमृत विचार

- **ठेकेदार और जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्रामीणों का सड़क से निकलना हो गया दुश्वार**
- **कई महीनों से चल रहा है गांव मुड़िया वैश्य से नगरिया प्रयागपुर चौराहे पर सड़क का निर्माण**

### इन गांवों के लोगों को हो रही दिक्कत

इस रोड से अनावा, पासियाखेड़ा मुड़िया वैश्य, नवादा, बढेला कोटावारी बसखेड़ा खुर्द आदि गांवों के लोगों को पुवायां आना–जाना लगा रहता है। पत्थर के ढेर बीच सड़क पर लगे होने के कारण काफी परेशानी हो रही है।

### क्या बोले प्रदेश अध्यक्ष

भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी उत्तर प्रदेश तराई के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह खिंडा ने कहा कि वह जब अपने फार्म हाउस पर इस रोड से गाड़ी से जाते हैं तो उनकी गाड़ी रोड के बीच में पड़े पत्थरों के ढेर में फंस चुकी है। उन्हें अपने घर तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### कई किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचते हैं पुवायां

लोगों ने बताया इस रोड से केवल पांच किलोमीटर की दूरी तय कर पुवायां पहुंच जाते हैं, लेकिन इस पर पत्थर के ढेर लगे होने से लगभग 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करके पुवायां पहुंचना पड़ता है। जिससे समय और डीजल पेट्रोल की खपत ज्यादा होती है।

